# राजकीय इण्टर कॉलेज (G.I.C) प्रवक्ता परीक्षा 2017

# समाजशास्त्र

## व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र

**1. ''समाजशास्त्र सामाजिक व्यवस्था और प्रगति का विज्ञान है।'' यह किसने कहा है?**

(a) पी. ए. सोरोकिन (b) हरबर्ट स्पेन्सर
(c) ऑगस्त कॉम्ट (d) मैक्स वेबर

**Ans. (c) :** ऑगस्त कॉम्ट का मत है कि, ''समाजशास्त्र सामाजिक व्यवस्था और प्रगति का विज्ञान है।''

**2. निम्न में से कौन एक सामाजिक समूह के निर्माण में आवश्यक तत्व नहीं है?**

(a) एक से अधिक व्यक्ति (b) खोज
(c) सामान्य लक्ष्य/लक्ष्यों (d) अन्तःक्रिया

**Ans. (b) :** खोज एक सामाजिक समूह के निर्माण में आवश्यक तत्व नहीं है जबकि एक से अधिक व्यक्ति, सामान्य लक्ष्य, अन्तःक्रिया के द्वारा अन्तः सम्बन्ध, हम की भावना, स्तरीकरण, समूह व्यक्यिों से बने होने के कारण मूर्त, एक निश्चित ढ़ाँचा, संरचना एवं सीमित संख्या इत्यादि सामाजिक समूह के निर्माण में आवश्यक तत्व है।

**3. ''व्हाट इज़ सोशियोलाजी'' नामक पुस्तक किसने लिखी है?**

(a) टालकॉट पारसंस (b) एलेक्स इकलेस
(c) एन. जे. स्मेलसर (d) टी. बी. बोटोमोर

**Ans. (b) :** एलेक्स इकलेस ने ''व्हाट इज़ सोशियोलाजी'' नामक पुस्तक लिखी है।

**4. 'एकात्मता' के आधार पर समाज का वर्गीकरण किसने किया है?**

(a) हरबर्ट स्पेन्सर (b) एस. हेनरी मेन
(c) एफ. टॉनीज (d) ई. दुर्खाईम

**Ans. (d) :** 'एकात्मता' के आधार पर समाज का वर्गीकरण ई. दुर्खीम ने किया है। दुर्खीम का मत है कि समाज में सामाजिक एकता के स्वरूप में पविर्तन होता रहता है। यह परिवर्तन यान्त्रिक एकता से सावयवी एकता के रूप में होता है उन्होंने आदिकालीन और समकालीन समाज व श्रम-विभाजन के व्यवस्था के आधार पर मानव समाज में पाई जाने वाली सामाजिक एकता के स्वरूपों को दो भागों मे विभक्त करके समझाया है जो निम्न है-

1. यांत्रिक सामाजिक एकता
2. सावयवी सामाजिक एकता।

**5. भर्ती भूमिकाओं की अवधारणा का प्रयोग किसने किया?**

(a) आर. लिंटन (b) एस. एफ. नैडल
(c) ई. गॉफ मैन (d) आर. के मर्टन

**Ans. (c) :** भर्ती भूमिकाओं की अवधारणा का प्रयोग ई. गॉफ मैन ने किया है।

**6. निम्न में से द्वितीय समूह कौन नहीं हैं?**

(a) पड़ोस (b) पिकनिक समूह
(c) मनोरंजन समूह (d) तीर्थयात्री समूह

**Ans. (a) :** पड़ोस द्वितीय समूह नहीं है। यह प्राथमिक समूह है। प्राथमिक समूह शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम सी.एच. कूले ने 1909 में अपनी पुस्तक सोशल ऑग्नाइजेशन में किया है और कहा है कि प्राथमिक समूह एक ऐसा समूह है जिसमें सदस्यों की संख्या कम होनें कारण लघु आकार एवं आपने -सामने का प्रत्यक्ष और अनौपचारिक सम्बन्ध पाया जाता है उदाहरण- परिवार, पड़ोस, छोटे-छोटे बच्चों का खेल समूह। द्वितीयक समूह शब्द का प्रयोग किंग्सले डेविस तथा जार्ज सी. होमन्स ने कूले के प्राथमिक समूह के विरोध में किया था। द्वितीयक समूह एक ऐसा समूह है जिसका आकार बड़ा होता है इसलिए इनमें आपने-सामने का सम्बन्ध नहीं पाया जाता है। बोगार्डस ने इसे छुओं और जाओं के प्रकार का बताया है।

**7. निम्न में से कौन सा एक अर्जित प्रस्थिति की प्रस्तुत नहीं करता है?**

(a) एक पिता (b) एक पुजारी
(c) एक लोहार (d) एक ज्योतिषी

**Ans. (a) :** एक पिता अर्जित प्रस्थिति को प्रस्तुत नहीं करता है। अर्जित एवं प्रदत्त प्रस्थितियों की अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग राल्फ लिन्टन ने दोनों में अन्तर प्रदर्शित करने के लिए किया है। जब समाज व्यक्ति की इच्छा को ध्यान में न रखकर व्यक्ति को एक पद प्रदान कर देता है तो उसे ही प्रदत्त प्रस्थिति कहते है। प्रदत्त प्रस्थिति प्राप्त करने के निम्नलिखित आधार है- लिंगभेद, आयुभेद, नातेदारी, जन्म, शारीरिक विशेषताएँ एवं जीवित प्रजाति इत्यादि। अर्जित प्रस्थिति व्यक्ति अपनी योग्यता से प्राप्त करता है। जैसे - शिक्षा, व्यवसाय, राजनीतिक सत्ता, विवाह, उपलब्धियाँ एवं सांस्कृतिक विशेषता इत्यादि।

**8. किसने कहा है, ''संस्कृति पर्यावरण का मानव निर्मित भाग है?''**

(a) एम. जे. हरस्कोविट्स (b) ई. ए. होबेल
(c) ई. बी. टॉयलर (d) इललियट तथा मैरिल

**Ans. (a) :** एम. जे. हर्षकोविट्स ने कहा है, ''संस्कृति पर्यावरण का मानव निर्मित भाग है।''

**9. आर्थिक संस्था मानते हुये समाज में श्रम विभाजन के प्रकार्यों का विश्लेषण किसने किया है?**

(a) मैक्स वेबर (b) ई. दुर्खाईम
(c) आदम स्मिथ (d) कार्ल मार्क्स

**Ans. (b) :** आर्थिक संस्था मानते हुये समाज में श्रम विभाजन के प्रकार्यों का विश्लेषण दुर्खीम ने किया है।

10. **सूची-1 को सूची-2 से समुलित करिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करिये।**

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (अवधारणा) |
|---|---|
| (A) मैक्स वेबर | (i) गमाइनशैफ्ट एवं गैसलसशैफ्ट |
| (B) ईमाईल दुर्खाईम | (ii) टैरीटोरियल समूह (क्षेत्रीय समूह) |
| (C) एफ. टॉनीज | (iii) मैकेनींकल एवं आर्गेनिक सालीडर्टी (यान्त्रिय एवं सावयवी एकता) |
| (D) सी. एच. कुले | (iv) फार्मल एंड इनफार्मल टाईप आफ कन्ट्रोल (औपचारिक एवं अनौपचारिक प्रकार का नियन्त्रण) |

**कूटः**
(a) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)
(b) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(c) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
(d) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

**Ans. (a) :** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है–

| लेखक | अवधारणा |
|---|---|
| मैक्स वेबर | टैरीटोरियल समूह (क्षेत्रीय समूह) |
| ई. दुर्खीम | मैकेर्नीकल एवं आर्गेनिक सालीडर्टी (यान्त्रिय एवं सावयवी एकता) |
| एफ. टॉनीज | गमाइनशैफ्ट एवं गैसलसशैफ्ट |
| सी. एच. कूले | फार्मल एंड इनफार्मल टाईप आफ कन्ट्रोल (औपचारिक एवं अनौपचारिक प्रकार का नियन्त्रण) |

**नोट–** मैक्स वेबर का संबंध प्रस्थिति समूह से है।

11. **सूची-1 को सूची-2 से समुलित करिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करिये।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) प्राइमरी एवं सेकेन्ड्री ग्रुप | (i) एच. मिलर |
| (B) लबरूप एवं क्षैतिज समूह | (ii) डब्ल्यू. जी. समनर |
| (C) अन्तः समूह एवं बाह्य समूह | (iii) सी. एच. कुले |
| (D) द्विक समूह एवं त्रिक समूह | (iv) जार्ज सिमेल |

**कूटः**
(a) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(b) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(c) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)
(d) A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)

**Ans. (a) :** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है–

| | |
|---|---|
| प्राइमरी एवं सेकेन्ड्री ग्रुप | - सी. एच. कुले |
| लबरूप एवं क्षैतिज समूह | - एच. मिलर |
| अन्तः समूह एवं बाह्य समूह | - डब्ल्यू. जी. समनर |
| द्विक समूह एवं त्रिक हैं | - जार्ज सिमेल |

12. **भारत के किस विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विषय का अध्ययन सबसे पहले आरम्भ किया गया?**
(a) लखनऊ विश्वविद्यालय में
(b) दिल्ली विश्वविद्यालय में
(c) बाम्बे विश्वविद्यालय में
(d) कलकत्ता विश्वविद्यालय में

**Ans. (c) :** भारत के मुम्बई विश्वविद्यालय (1914) में अर्थशास्त्र विषय के साथ समाजशास्त्र विषय का अध्ययन सबसे पहले आरम्भ किया गया। लेकिन 1919 में पैट्रिक गिड्डस की अध्यक्षता में एक पृथक विभाग एवं विषय के रूप में इसकी पढ़ाई शुरू की गई।

13. **निम्न में से किसने जनजातियों की समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय उपवन की स्थापना का सुझाव दिया था?**
(a) डी. एन. मजूमदार (b) शरत चन्द्र राय
(c) वेरियर एल्विन (d) एन. के बोस

**Ans. (c) :** जनजातियों की समस्याओं के समाधान के लिए वेरियर एल्विन ने राष्ट्रीय उपवन की स्थापना का सुझाव दिया था।

14. **संस्कृति की छोटी से छोटी इकाई को कहते है...........**
(a) सांस्कृतिक तत्व (b) सांस्कृतिक संकुल
(c) सांस्कृतिक क्षेत्र (d) सांस्कृतिक प्रतिमान

**Ans. (a) :** संस्कृति की छोटी से छोटी इकाई को सांस्कृतिक तत्व कहते हैं।

15. **निम्न में से कौन ''ट्रान्सपरेन्सी ऑफ इविल, 1990'' नामक पुस्तक से सम्बन्धित है?**
(a) मिशेल फूको (b) ज्यां बोड्रिलार्ड
(c) एन्थोनी गिड्डेन्स (d) जॉक दरिदा

**Ans. (b) :** ''ट्रान्सपरेन्सी ऑफ इविल, 1990'' नामक पुस्तक जीन बोड्रिलार्ड से सम्बन्धित है इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न है-
*Consumer Society (1970)
*Symbolic Exchange and Deatyh (1993)
* Simulacres and Simulations (1981)

16. **''सोशल थेअरी एण्ड सोशल स्ट्रक्चर'' नामक पुस्तक का लेखक कौन है?**
(a) आर. के. मर्टन (b) टी. पारसन्स
(c) एस. एफ. नाहेल (d) लेवी- स्ट्रॉस

**Ans. (a) :** ''सोशल थिअरी एण्ड सोशल स्ट्रक्चर'' नामक पुस्तक के लेखक आर. के. मर्टन हैं। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न है-
*Contemporary Social Problems (1961) (with Nisbet)
* The Sociology of Science (1973)
* Sociological Ambivalance (1976)

17. **गारफिंकल के अनुसार, डाकूमैन्ट्री पद्धति है-**
(a) लिखित अभिलेखों का अध्ययन
(b) आंकड़ों का सांख्यकीय वर्णन
(c) समाज के विश्लेषण के लिए गणना का तरीका
(d) आंकड़ो के संकलन की व्यवस्थित विधि

**Ans. (c) :** गारफिंकल के अनुसार, डाकूमैन्ट्री पद्धति समाज के विश्लेषण के लिए गणना का एक तरीका है।

18. **ग्रामीण समाजशास्त्र की उत्पत्ति सबसे पहले कहाँ पर हुई?**
(a) फ्रांस (b) अमेरिका
(c) इंग्लैण्ड (d) जर्मनी

**Ans. (b) :** एक व्यवस्थित विज्ञान के रूप में ग्रामीण समाजशास्त्र की उत्पत्ति सबसे पहले वर्ष 1876 में अमेरिकी विश्वविद्यालयों में ग्रामीण समाजशास्त्र का अध्ययन प्रारम्भ हुआ।

**19. निम्नलिखित में से किसने प्रस्थिति को प्रमुख प्रभुत्वशाली प्रस्थिति एवं नियन्त्रकारी प्रस्थिति' के रूप में वर्गीकृत किया है?**

(a) टॉलकॉट पारसन्स (b) आर. के. मर्टन
(c) राल्फ लिंटन (d) जी. एच. मीड

**Ans. (c) :** राल्फ लिंटन ने प्रस्थिति को प्रमुख प्रभुत्वशाली प्रस्थिति एवं नियन्त्रकारी प्रस्थिति' के रूप में वर्गीकृत किया है।

**20. निम्न में से कौन गलत है?**

(a) समाजशास्त्री मूल्यों को तथ्यों के रूप मानते हैं।
(b) समाजशास्त्र उन्मुखता में गैर-भाग्यवादी होता है।
(c) समाजशास्त्र विशिष्ट अर्थ रखता है न कि सामान्य अर्थ।
(d) समाजशास्त्र नैतिक अधिमानों को अभिव्यक्त करते है।

**Ans. (c) :** समाजशास्त्र एक सामान्यीकरण विज्ञान है, न कि विशेषीकरण विज्ञान। क्योंकि समाजशास्त्र विशिष्ट व्यक्तियों, घटनाओं या समाजों के अध्ययन में रूचि नहीं लेकर सामाजिक घटनाओं और प्रक्रियाओं में रूचि लेता है।

**21. 'भूमिका संघर्ष' की अवधारणा किस के द्वारा विकसित की गई?**

(a) राल्फ टर्नर (b) एस. एफ. नाडेल
(c) आर. के. मर्टन (d) राल्फ लिन्टन

**Ans. (d) :** 'भूमिका संघर्ष' की अवधारणा राल्फ लिन्टन द्वारा विकसित की गई है।

**22. लन्दन, टोक्यो, न्यूयॉर्क, न्यू देहली, मुम्बई के सम्बन्ध पर आधारित पुस्तक ''दी ग्लोबल सिटी'' किस ने लिखी?**

(a) ससकिया संसेन (b) मार्शल मैक्लूहान
(c) एम. कासेल्स (d) एन्थोनी गिड्डेन्स

**Ans. (a) :** लन्दन, टोक्यो, न्यूयॉर्क, न्यू देहली, मुम्बई के सम्बन्ध पर आधारित पुस्तक "दी ग्लोबल सिटी" ससकिया संसेन ने लिखी है।

**23. निम्न में से कौन सा सही नहीं है?**

(a) समाजशास्त्र का प्रयोग कल्पनात्मक विचार को शामिल करता है
(b) समाजशास्त्री सामाजिक जीवन के बारे में पहले से जुड़े विचार को अलग रखते हैं।
(c) समाजशास्त्री मानव क्रिया के इच्छित और अनइच्छित परिमाणों के बीच अन्तर नहीं करते।
(d) समाजशास्त्र मानव समाज का व्यवस्थित अध्ययन है।

**Ans. (a) :** समाजशास्त्रीय अध्ययनों में कल्पना का कोई स्थान नहीं है। सामाजिक घटनाओं का अध्ययन उसी रूप में किया जाता है, जिस रूप में वे घटित होती हैं।

**24. 1876 में अमेरिका की येल विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र का अध्ययन किसके निर्देशन में आरम्भ किया गया?**

(a) ई. ई. बर्जिल (b) ई. बर्गेस
(c) ए. डब्ल्यू. इस्माल (d) जी. समनर

**Ans. (d) :** 1876 में अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र का अध्ययन जी. समनर के निर्देशन में आरम्भ किया गया। वे अपने जीवन के अंतिम दो वर्षो में 'अमेरिकी समाजशास्त्रीय परिषद' के अध्यक्ष भी रहे।

**25. 'अन्त समूहों एवं बाह्य-समूहों में अन्तर किसने किया?**

(a) डब्ल्यू. जी. समनर (b) सी. एच. कूले
(c) आर. के. मर्टन (d) आर. एम. मैकाइवर

**Ans. (a) :** समनर ने 'हम की भावना' के आधार पर समूह को दो भागों में बाँटा है-
1. अन्तः समूह- इस समूह के सदस्य आपस में नजदीकीपन के अपनत्व की भावना रखते है और अपने ही समूह, क्षेत्र एवं भाषा को उच्च मानते हैं और उसी के प्रति समर्पित रहते है। जैसे - गाँव, जाति, धार्मिक सम्प्रदाय, परिवार, कबीला आदि।
2. बाह्य समूह - इस समूह में हम की भावना व सहानुभूति का अभाव होता है, जैसे-शत्रु सेना, विभिन्न धार्मिक समूह, विदेशी समूह आदि।

**26. 'प्रास्थिति-कुलक' भूमिका-कुलक एवं 'प्रास्थिति-अनुक्रम' की अवधारणाओं को किसने प्रतिपादित किया?**

(a) एच. एच. हायमन (b) आर. के. मर्टन
(c) आर. लिन्टन (d) एस. एफ. नाडेल

**Ans. (b) :** 'प्रास्थिति-कुलक' भूमिका-कुलक एवं 'प्रास्थिति-अनुक्रम' की अवधारणाओं को आर. के. मर्टन ने प्रतिपादित किया है।

**27. निम्न में से कौन एक बहुत ही समाज का एक आवश्यक तत्व है जिसके तोड़ने पर कठिन से कठिन सजा दी जाती है?**

(a) प्रथायें (b) वैचारिकी
(c) रीति-रिवाज (d) लोकरीतियाँ

**Ans. (a) :** प्रथाएँ समाज में व्यवहार करने की विधि हैं। प्रथाएँ समाज का एक आवश्यक तत्व हैं जिसके तोड़ने पर कठिन से कठिन सजा दी जाती है।

**28. पोलिश कृषकों का अध्ययन किसके द्वारा किया गया?**

(a) थॉमस और नैनकी (b) पार्क औ बर्गेस
(c) लिप्ले और स्पेन्सर (d) हयूबायस और लेविस

**Ans. (a) :** पोलिश कृषकों का अध्ययन थॉमस और नैनकी ने अपनी पुस्तक The Polish Peasant in Europe and America में किया है।

**29. यह किसने कहा 'कृषक समाज अंश संस्कृति के साथ अंश समाज है'?**

(a) ए. एल. कोबर (b) आन्द्रे बेती
(c) टी. शैनिन (d) आर. फर्थ

**Ans. (b) :** आन्द्रे बेतेई ने कहा है कि, 'कृषक समाज अंश संस्कृति के साथ अंश समाज है।'

**30. निम्नलिखित क्षेत्रों में से डेविड मैन्डलबाम ने अपना अध्ययन किस क्षेत्र में किया?**

(a) गोरखपुर (b) श्रीपुरम
(c) नीलगिरी (d) रामपुरा

**Ans. (a) :** गोरखपुर का अध्ययन डेविड मैन्डलबाम ने किया है। ।

**31. ''सामाजिक मानवशास्त्र तुलनात्मक समाजशास्त्र के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है'' यह कथन किसका है?**

(a) रैडक्लिफ-ब्राऊन (b) दुर्खाईम
(c) लेवी-स्ट्रॉस (d) मैलानॉवस्की

**Ans. (a) :** ''सामाजिक मानवशास्त्र तुलनात्मक समाजशास्त्र के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है'' यह कथन रैडक्लिफ-ब्राऊन का है।

**32. किसने 'निर्धनता की संस्कृति' के विचार को प्रस्तुत किया?**

(a) एस. रौत्री (b) ई. बी. टायलर
(c) ऐ. स्मिथ (d) ऑस्कर लेविस

**Ans. (d) :** ऑस्कर लेविस ने 'निर्धनता की संस्कृति' के विचार का प्रतिपादन अपनी पुस्तक 'लॉविडा' में अमेरिका के पाँच परिवारों का अध्ययन करके किया है।

**33. निम्न में से कौन सी जोड़ी सही सुमेलित नहीं है?**

(a) कैथलीन गफ...........तंजौर
(b) एफ. जी. बेले..........बिसीपारा
(c) एस. सी. दुबे..........शमीरपेट
(d) एम. एन. श्रीनिवास........श्रीपुरम

**Ans. (d) :** सुमिलित सूची इस प्रकार हैं-

| | |
|---|---|
| कैथलीन गफ | - तंजौर |
| एफ. जी. बेले | - बिसीपारा |
| एस. सी. दुबे | - शमीरपेट |
| एम. एन. श्रीनिवास | - रामपुरा |

**34. अनुष्ठान प्रदूषण के मुख्य आधार है। हैं..........**

(a) जन्म एवं विवाह
(b) शारीरिक उत्सर्जन
(c) मृत्यु
(d) जन्म शारीरिक उत्सर्जन एवं मृत्यु

**Ans. (d) :** अनुष्ठान प्रदूषण के मुख्य आधार हैं, जन्म, शारीरिक उत्सर्जन एवं मृत्यु।

**35. निम्न में से कौन एक जोड़ा सही से सुमेलित नहीं है।**

(a) ए. कॉम्टे..........मान्टप्लायर
(b) ई. दुर्खीम.........इपीनल
(c) एम. वैबर.........इरफर्ट
(d) के. मार्क्स.........सैन्टपीटर्सबर्ग

**Ans. (d) :** के. मार्क्स का जन्म प्रशिया के राइन प्रान्त के ट्रियर नगर के एक यहूदी परिवार में 5 मई, 1818 को हुआ था।

**36. एस. सी. दुबे द्वारा दो चरणों में बताई गई अनुष्ठान शुद्धि हैं-**

(a) शारीरिक सफाई, एवं सामाजिक दूरी
(b) लम्बी स्नान प्रक्रियायें तथा दीक्षा अनुष्ठान
(c) एकान्त एवं पृथक्करण
(d) औपचारिक पूजा एवं पृथक्करण

**Ans. (b) :** एस. सी. दुबे द्वारा दो चरणों में बताई गई अनुष्ठान शुद्धि हैं- 'लम्बी स्नान प्रक्रियायें तथा दीक्षा अनुष्ठान'।

**37. निम्न में से किसने भारतीय समाज के अध्ययन के लिए अन्तःशास्त्रीय पद्धति को अपनाया?**

(a) जी. एस. घुरिये (b) राधाकमल मुखर्जी
(c) एम. एन. श्रीनिवास (d) एस. सी. दुबे

**Ans. (d) :** एस. सी. दुबे ने भारतीय समाज के अध्ययन के लिए अन्तःशास्त्रीय पद्धति को अपनाया।

**38. सार्वभौमिकता उल्लेख करने की प्रक्रिया है जिसमें...........**

(a) बृहद परम्परा के तत्व नीचे की ओर आते हैं ताकि वह लघु परम्परा का हिस्सा बन जायें।
(b) लघु परम्परा सांस्कृतिक विचारों एवं मान्यताओं का उजागर करता है।
(c) सार्वभौमिक नियमों को मानता है।
(d) लघु परम्परा ऊपर की ओर जाती है ताकि वो बृहद परम्परा का हिस्सा बन जायें।

**Ans. (d) :** सार्वभौमिकता की प्रक्रिया में लघु परम्परा (देवी-देवता, प्रथाएँ, संस्कार आदि) ऊपर की ओर जाती हैं, ताकि वो बृहद परम्परा का हिस्सा बन जायें।

**39. धर्म के अध्ययन में 'पवित्र' और 'अपवित्र' की अवधारणा का प्रयोग किसने किया?**

(a) ई. बोगार्डस (b) ई. टॉयलर
(c) ई. दुर्खाईम (d) ई. बर्गेस

**Ans. (c) :** धर्म के अध्ययन में 'पवित्र' और 'अपवित्र' की अवधारणा का प्रयोग ई. दुर्खाईम ने किया। दुर्खीम ने अपनी धर्म संबंधी अवधारणा आस्ट्रेलिया की अरून्ता जनजाति के अध्ययन के फलस्वरूप प्रस्तुत की।

**40. इसमें से कौन 'संस्कृतिकरण' के सन्दर्भ में सत्य नहीं है?**

(a) स्थितिगत परिवर्तन (b) समूह प्रक्रिया
(c) उर्ध्वगामी गतिशीलता (d) व्यक्तिगत प्रक्रिया

**Ans. (d) :** 'संस्कृतिकरण' के सन्दर्भ में व्यक्तिगत प्रक्रिया सत्य नहीं है। सामूहिक प्रक्रिया, उर्ध्वगामी गतिशीलता, पदमूलक परिवर्तन इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं।

**41. निम्न में कौन से समाजशास्त्री ने दक्षिण भारत के कुर्ग लोगों पर धर्म और समाज का अध्ययन किया है?**

(a) जी. एस. घुरिये (b) के. एम. कपाड़िया
(c) एम. एन. श्रीनिवास (d) आन्द्रे बेती

**Ans. (c) :** एम. एन. श्रीनिवास ने दक्षिण भारत के कुर्ग लोगों पर धर्म और समाज का अध्ययन किया।

**42. निम्न में से किस को 'भारतविद्' जाना जाता है?**

(a) लुईस ड्यूमों (b) एम. एन. श्रीनिवास
(c) एस. सी. दुबे (d) सुरजीत सिन्हा

**Ans. (a) :** लुईस ड्यूमॉ को 'भारतविद्' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने जाति व्यवस्था और भारत के गॉवों की सामाजिक संरचना के अध्ययन के लिए भारत विद्याशास्त्रीय दृष्टि और संरचनात्मक उपागम दोनों के प्रयोग की बात कही है।

43. **इनमें से कौन एक प्रभु जाति की विशेषता नहीं है?**
(a) आर्थिक प्रभुत्त्व
(b) सांस्कृतिक प्रभुत्व
(c) उच्च संस्कारिक प्रस्थिति
(d) अधिक अच्छी शैक्षिक प्रस्थिति

**Ans. (d) :** प्रभु जाति की निम्न विशेषताएँ हैं–
1. आर्थिक प्रभुत्त्व
2. सांस्कृतिक प्रभुत्त्व
3. संख्यात्मक प्रभुत्त्व
4. बड़े अंश पर भूमि स्वामित्त्व
5. आर्थिक-राजनीतिक शक्ति
6. जातीय संस्तरण में उच्च स्थान
7. उच्च सांस्कारिक प्रस्थिति

44. **जी. एस. घुरिये ने जाति की छः विशेषतायें दी है। उनके अनुसार निम्न में से कौन सी सही विशेषता है?**
(a) समाज का खण्डात्मक विभाजन
(b) वंश-परम्परागत व्यवसाय
(c) प्रतिबन्धित गतिशीलता
(d) छुआछात

**Ans. (a) :** जी. एस. घुरिये ने अपनी पुस्तक 'Caste and class in India' में जाति के 'संरचनात्मक एवं संस्थात्मक' पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए जाति की छः विशेषताएँ बताई हैं-
1. समाज का खण्डात्मक विभाजन
2. संस्तरण
3. भोजन तथा सहवास संबंधी प्रतिबंध
4. नागरिक, धार्मिक निर्योग्यता एवं विशेषाधिकार
5. व्यवसाय के चयन पर प्रतिबन्ध
6. विवाह सम्बन्धी प्रतिबन्ध

45. **जब उच्च जाति हिन्दू चेतन या अचेतन रूप में निम्न जाति हिन्दूओं के व्यवहार प्रतिमहानों को अपनाते या अनुकरण करते हैं तो उसको कहा जाता है............**
(a) संस्कृतिकरण (b) आधुनिकीकरण
(c) जनतत्रीकरण (d) अ-संस्कृतिकरण

**Ans. (d) :** जब उच्च जाति हिन्दू चेतन या अचेतन रूप में निम्न जाति हिन्दूओं के व्यवहार प्रतिमानों को अपनाते या अनुकरण करते हैं तो उसको अ-संस्कृतिकरण कहा जाता है।

46. **सामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया में संस्कृतिकरण के विश्लेषण हेतु एम. एन. श्रीनिवास ने आर. के. मर्टन के कौन से सिद्धान्त को अपनाया?**
(a) मध्य अधिसीमा सिद्धान्त
(b) सामाजिक विचलन सिद्धान्त
(c) सन्दर्भ समूह सिद्धान्त
(d) प्रस्थिति एवं भूमिका सिद्धान्त

**Ans. (c) :** सामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया में संस्कृतिकरण के विश्लेषण हेतु एम. एन. श्रीनिवास ने आर. के. मर्टन के सन्दर्भ समूह सिद्धान्त को अपनाया।

47. **निम्न में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है।**
(a) सेक्रेड- सेक्युलर......... ई. दुर्खाईम
(b) फिलासॉफी ऑफ मनी....... जी. सिमेल
(c) लुकिंग ग्लास सैल्फ......... सी. एच. कुले
(d) ॲक्टीव्ह सोसायटी.........एटजिआनी

**Ans. (a) :** सेक्रेड- सेक्युलर का संबंध दुर्खीम से नहीं है। दुर्खीम ने सेक्रेड और प्रोफेन की बात कही है।

48. **सामाजिक स्तरीकरण का प्रकार्यात्मक सिद्धान्त किसी एक से सम्बन्धित है?**
(a) कार्ल मार्क्स (b) मैक्स वेबर
(c) टी. बी. बोटोमोर (d) के. डेविस

**Ans. (d) :** सामाजिक स्तरीकरण का प्रकार्यात्मक सिद्धान्त का प्रतिपादन सर्वप्रथम वर्ष 1945 में डेविस व मूरे ने अपनी पुस्तक 'Some Principles of stratification' में किया। इस विचारधार के समर्थक पारसन्स, परेटो, स्पेन्सर, दुर्खीम, मैलिनोवस्की, ब्राऊन, मर्टन, कार्ल मैनहीम, मैलविन, ट्यूमिन तथा माइकल यंग आदि प्रमुख हैं।

49. **निम्नांकित में से किसने समाजीकरण के सन्दर्भ में 'मै' और 'मुझे' की अवधारणाओं का प्रतिपादन किया?**
(a) सी. एच. कुले (b) जी. एच. मीड
(c) एस. फ्रायड (d) आर. के. मुखर्जी

**Ans. (b) :** जी. एच. मीड ने समाजीकरण के सन्दर्भ में 'मैं' और 'मुझे' की अवधारणाओं का प्रतिपादन किया है। I (मैं) यह एक व्यक्तिगत अवधारणा है और व्यक्तियों के अन्दर Ego की भावना का निर्माण करता है। इसका सम्बन्ध व्यक्ति द्वारा दूसरे के प्रति किये जाने वाले कार्य से है। Me (मुझे) इसका अर्थ है व्यक्ति द्वारा किए गए व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया। इस प्रतिक्रिया के फलस्वरूप ही व्यक्ति उन विचारों या बातों का आन्तरीकरण कर आत्म या स्व का विकास करता है दूसरे शब्दों में, मीड ने 'मुझे' को ही महत्वपूर्ण माना है।

50. **किसने कहा है कि प्रतिस्पर्धा पूँजीवाद की एक विशिष्ट आवश्यकता है?**
(a) मैक्स वेबर (b) कार्ल मार्क्स
(c) हरबर्ट स्पेन्सर (d) आर. डैहरेन डॉर्फ

**Ans. (a) :** मैक्स वेबर ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा पूँजीवाद की एक विशिष्ट आवश्यकता है।

51. **''स्वयं की अवधारणा प्राप्ति एवं सामाजिक अस्मिता'' का समाजीकरण का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है?**
(a) जे. पियोजेट (b) जी. एच. मीड
(c) एस. फ्रायड (d) ई. दुर्खाईम

**Ans. (b) :** ''स्वयं की अवधारणा प्राप्ति एवं सामाजिक अस्मिता'' का समाजीकरण का सिद्धान्त इस सिद्धांत को जी. एच. मीड ने प्रतिपादित किया है।

52. **विखण्डन की अवधारणा किस से सम्बन्धित है?**
(a) के. कार्ल मार्क्स (b) जे. डेरिडा
(c) एम. फूको (d) ए. जैफरी

**Ans. (b) :** विखण्डन की अवधारणा जे. देरिदा से सम्बन्धित है। इनका उत्तर आधुनिकता संबंधी समस्त विश्लेषण इसी अवधारणा पर आधारित है।

53. **शक्ति के वैधीकरण का सिद्धान्त किसने दिया है?**
(a) व्ही पैरेटो (b) एस. एम. लिपसेट
(c) कार्ल मार्क्स (d) मैक्स वेबर

**Ans. (d) :** शक्ति के वैधीकरण का सिद्धांत मैक्स वेबर ने दिया है।

**54. सूची-1 को सूची-2 से समुलित करिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करिये।**

| **सूची-I (पुस्तक)** | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|
| (A) अपील टू कन्जरवेटिव्हज | (1) एम. वैबर |
| (B) इकॉनामी एण्ड सोसायटी | (2) ए. काम्टे |
| (C) ऑन मॉरिलिटी एण्ड सोसायटी | (3) हरबर्ट स्पेन्सर |
| (D) मिलीटैन्ट एण्ड इन्डस्ट्रीयल सोसायटी | (4) ई. दुर्खाईम |

कूटः
(a) A-2, B-1, C-4, D-3
(b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-3, B-4, C-2, D-1
(d) A-4, B-3, C-1, D-2

**Ans. (a) :** सुमेलित निम्न प्रकार है–

| **पुस्तक** | **लेखक** |
|---|---|
| अपील टू कन्जरवेटिव्हज | ए. काम्टे |
| इकॉनामी एण्ड सोसायटी | एम. वैबर |
| ऑन मॉरिलिटी एण्ड सोसायटी | ई. दुर्खाईम |
| मिलीटैन्ट एण्डइन्डस्ट्रीयल सोसायटी | हरबर्ट स्पेन्सर |

**55. ''सोशल चेंज इन माडर्न इंडिया'' नामक पुस्तक किसने लिखी है?**
(a) वाई. सिंह (b) ए. बेती
(c) वाई. अटल (d) एम. एन. श्रीनिवास

**Ans. (d) :** ''सोशल चेंज इन माडर्न इंडिया'' नामक पुस्तक एम. एन. श्रीनिवास ने लिखी हैं। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न है-
* Marriage and Family in Mysore (1942)
* Religion and Society Among the Coorgs of South India (1952)
* India's Village (1955)

**56. भारतीय समाजशास्त्रीयों में से किसने यह माना कि सामाजिक प्रघटनाओं के अध्ययन के लिए मूल्य महत्वपूर्ण है?**
(a) एम. एन. श्रीनिवास (b) एस. सी. दुबे
(c) राधा कमल मुखर्जी (d) डी. एन. मजूमदार

**Ans. (c) :** भारतीय समाजशास्त्रीयों में राधा कमल मुखर्जी ने यह माना कि सामाजिक प्रघटनाओं के अध्ययन के लिए मूल्य महत्वपूर्ण है। मूल्यों को परिभाषित करते हुए मुखर्जी ने लिखा है कि ''मूल्य समाज द्वारा स्वीकृत ऐसी इच्छाएँ और लक्ष्य है जिनका आन्तरीकरण, अनुकूलन, सीखने या समाजीकरण की प्रक्रिया द्वारा होता है।

**57. मार्क्स के समाज का वर्गों में विभाजन का परीक्षण किसने किया और एक तीसरे वर्ग ''मध्य वर्ग'' का जोड़ दिया?**
(a) हीगले (b) वेबर
(c) डैहरेन डॉर्फ (d) कॉलिन्स

**Ans. (c) :** मार्क्स के समाज का वर्गों में विभाजन का परीक्षण डेहरेनडॉर्फ ने किया और एक तीसरे वर्ग ''मध्य वर्ग'' को जोड़ दिया।

**58. हरबर्ट स्पेंसर ने अनुसरण किया है.............**
(a) मुख्य रूप से प्रकार्यात्मक पद्धति
(b) मुख्य रूप से संरचनात्मक पद्धति
(c) मुख्य रूप से संघ संघर्षात्मक पद्धति
(d) मुख्य रूप से उदविकासीय पद्धति

**Ans. (d) :** हरबर्ट स्पेंसर ने मुख्य रूप से उदविकासीय पद्धति अनुसरण किया है। स्पेन्सर के अनुसार सामाजिक संरचना और सामाजिक संस्थाओं में भी परिवर्तन की उद्विकासीय प्रवृत्ति होती है। इस संदर्भ में ही उन्होंने 'योग्यतम की उत्तरजीविता'' (सरवाइवल ऑफ द फिटेस्ट) के मुहावरे की रचना की। उन्होंने ही सर्वप्रथम यह प्रस्थापित किया कि मानवीय समाजों में भी प्राकृतिक नियमों के सिद्धांतों के अनुसार उद्विकास होता है।

**59. निम्नांकित में से किसने ''आदर्श प्रारूप'' को एक विधि के रूप में विकसित किया?**
(a) ए. कॉम्टे (b) के. डेविस
(c) टी. पारसन्स (d) एम. वेबर

**Ans. (d) :** एम. वेबर ने ''आदर्श प्रारूप'' को एक विधि के रूप में विकसित किया है। भौतिक विज्ञानों की भाँति सामाजिक विज्ञानों में प्रायोगिक विधि का प्रयोग नहीं किया जा सकता। अतः घटनाओं को समझने के लिए एक दूसरे तरीके अर्थात तुलनात्मक विधि का प्रयोग किया जाता है। इस तुलनात्मक विधि को सटीक और वस्तुपरक बनाने के लिए ही वेबर ने 'आदर्श प्रारूप' की विधि के प्रयोग का सुझाव दिया है। इस विधि के द्वारा कार्य-कारण सम्बन्धों को भी ठीक प्रकार से समझा जा सकता है।

**60. प्रत्यक्षवाद के संदर्भ में ऑगस्त कॉम्ट के उत्तराधिकारी के रूप में किस को माना जाता है?**
(a) कार्ल मार्क्स (b) कार्ल पॉपर
(c) इमाईल दुर्खाईम (d) मैक्स वेबर

**Ans. (c) :** प्रत्यक्षवाद के संदर्भ में ऑगस्त कॉम्ट के उत्तराधिकारी के रूप में इमाईल दुर्खीम को माना जाता है। दुर्खीम पर रूसो, सेन्ट साइमन और कॉम्ट की फ्रांसीसी परम्परा का गहरा प्रभाव पड़ा है। सेन्ट साइमन और कॉम्ट के प्रत्यक्षवाद (पॉजिटिविज्म) का अनुसरण करते हुए दुर्खीम ने समाजशास्त्र को परिभाषित किया है।

**61. शक्ति व्युत्पन्न होती है-**
(a) हितों के जुड़ाव से (b) प्राधिकार (सत्ता) से
(c) उपरोक्त दोनों में (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** शक्ति प्राधिकार (सत्ता) से व्युत्पन्न होती है।

**62. सत्ता की प्रभुता का अर्थ है...........**
(a) एक शासक का होना
(b) शासित होने के लिए एक समूह का होना।
(c) शास्तियों का शासकों के आदेशों की वस्तुगत स्वीकृति।
(d) उपरोक्त सभी।

**Ans. (d) :** प्रश्नगत सभी विकल्प सत्ता की प्रभुता से सम्बन्धित हैं।

**63. ''विलेज, कास्ट, जैन्डर एंड मैथड' नामक पुस्तक का लेखक कौन है?**
(a) आर. के. मुखर्जी (b) डी. पी. स्पेन्सर
(c) कार्ल मार्क्स (d) ई. बी. टॉयलर

**Ans. (*) :** ''विलेज, कास्ट, जैन्डर एंड मैथड' नामक पुस्तक के लेखक एम.एन. श्रीनिवास हैं।

**64. आधिपत्य शब्द की अवधारणा किस से सम्बन्धित है?**
(a) ओ. स्पेन्गल (b) हरबर्ट स्पेन्सर
(c) कार्ल मार्क्स (d) ई. बी. टॉयलर

**Ans. (c) :** आधिपत्य शब्द की अवधारणा कार्ल मार्क्स से सम्बन्धित है।

**65. किसके अनुसार, 'त्वरित उग्र सामाजिक परिवर्तन तभी आ सकता है जब क्रान्तिकारी चेतना का पूर्ण विकास हो?'**

(a) ब्रायन विल्सन (b) आर. दही
(c) ग्रामसी (d) हॉब्स

**Ans. (c)** ग्रामसी के अनुसार, 'त्वरित उग्र सामाजिक परिवर्तन तभी आ सकता है जब क्रान्तिकारी चेतना का पूर्ण विकास हो।'

**66. ''आधुनिकता एक अधूरी परियोजना है'' यह किसका कथन है?**

(a) जॉर्ज रिटजर (b) जे. हैबरमॉस
(c) एंथनी गिड्डेन्स (d) पीटर हेंमिलटन

**Ans. (b) :** ''आधुनिकता एक अधूरी परियोजना है'' यह कथन जे. हैबरमॉस का है।

**67. निम्न में से कौन एक जोड़ा सही प्रकार से समुलित नहीं है?**

(a) कास्ट इन मॉडर्न इन्डिया.......एस. सी. दुबे
(b) कास्ट क्लास एन्ड पावर........ ए. बेती
(c) होमोहारैक्सी..........एल. ड्यूमॉ
(d) कास्ट इन इंडियन पालीटिक्स.........आर. कोठारी

**Ans. (a) :** कास्ट इन मॉडर्न इन्डिया के लेखक श्रीनिवास हैं।

**68. कार्ल मार्क्स की निम्नलिखित कृतियों में कथन ''दी हिस्ट्री ऑफ ऑल हिदर टू सोसाइटी इन दी हिस्ट्री ऑफ क्लास स्ट्रगल'' किससे सम्बन्धित है?**

(a) दी जर्मन आइडियॉलॉजी, 1867
(b) कैपिटल ए. किटिक ऑफ पॉलिटिकल इकॉनॉमी
(c) दॉस कैपिटल, 1867
(d) कम्युनिष्ट मैनिफैस्टो, 1848

**Ans. (d) :** कम्युनिष्ट मैनिफैस्टो, (1848) में मार्क्स और एंजेल्स ने लिखा है, ''अभी तक के सभी समाजों का इतिहास वर्ग-संघर्ष का इतिहास है। ''

**69. निम्न में से कौन एक संस्था है?**

(a) सरकार (b) राज्य
(c) प्रधानाचार्य (d) निरीक्षक

**Ans. (a) :** सरकार एक संस्था है।

**70. समाजविज्ञान में प्रघटनाशास्त्र शब्द का उपयोग सर्वप्रथम किसने किया था?**

(a) हीगेल (b) हर्सेल
(c) स्रात्रे (d) शुट्ज

**Ans. (b) :** समाजविज्ञान में प्रघटनाशास्त्र शब्द का उपयोग सर्वप्रथम हर्सेल ने किया था।

**71. ''दी फिनामेनोलॉजी ऑफ दी सोशल वर्ल्ड'' नामक पुस्तक किसने लिखी?**

(a) जी. डब्ल्यू. एफ. हीगेल (b) ए. शुट्ज
(c) एम. राजर्स (d) एच. फर्गुसन

**Ans. (b) :** ''दी फिनामेनोलॉजी ऑफ दी सोशल वर्ल्ड'' (1967) नामक पुस्तक ए. शुट्ज ने लिखी। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न है-

* The structure of the Life world (1974) (with Luckman)
*Reflections on the Problems of Relevance (1970)

**72. ग्रामीण भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में सार्वभौमीकरण एवं स्थानीयकरण की प्रक्रियाओं का अध्ययन किसने किया?**

(a) रॉबर्ट रैडफिल्ड (b) एम. एन. श्रीनिवास
(c) मैकिम मैरियट (d) बी. आर. चौहान

**Ans. (c) :** ग्रामीण भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में सार्वभौमीकरण एवं स्थानीयकरण की प्रक्रियाओं का अध्ययन मैकिम मैरियट ने किया है।

**73. सामाजिक प्रघटना को समझने के लिए निम्न में से कौन प्रकार्यात्मक उपागम को नहीं अपनाता है?**

(a) जे. अलेक्जेन्डर (b) के. डेविस
(c) आर. के. मर्टन (d) जे. हैबरमास

**Ans. (d) :** जे. हैबरमास समाजशास्त्रीय जगत में अपने आलोचनात्मक सिद्धांत के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने प्रकार्यात्मक उपागम का प्रयोग नहीं किया है।

**74. निम्न में से किसने 'आवश्यकताओं के सिद्धान्त का प्रयोग किया है?**

(a) ए. आर. रैडक्लिफ ब्राऊन (b) टी. पारसन्स
(c) आर. के. मर्टन (d) बी. मेलिनोवास्की

**Ans. (b) :** टी. पारसन्स ने 'आवश्यकताओं के सिद्धान्त का प्रयोग किया है।

**75. किसने विश्व की आठ संस्कृतियों के अध्ययन के आधार पर सामाजिक परिवर्तन का चक्रीय सिद्धान्त दिया है?**

(a) कार्ल मार्क्स (b) हरबर्ट स्पेन्सर
(c) ओ. स्पेन्गलर (d) ई. टी. टॉयलर

**Ans. (c) :** ओ. स्पेन्गलर ने अपनी पुस्तक 'The Decline of west (1918) में आठ बड़ी संस्कृतियों का अध्ययन करके बताया की सामाजिक परिवर्तन का एक चक्र चलता है। हम जहाँ से प्रारभ होते हैं फिर वहीं लौटकर आ जाते हैं। जिस प्रकार मानव शरीर का जन्म, विकास होता है और फिर वह मृत हो जाता है।

**76. निम्न में से कौन 'विश्व व्यवस्था सिद्धान्त' से सम्बन्धित है?**

(a) जार्ज रिटजर (b) आई. वॉर्लेस्टीन
(c) एन. जे. स्मेलसर (d) ई. शिल्स

**Ans. (b) :** इमैनुएल वॉर्लेस्टीन 'विश्व व्यवस्था सिद्धान्त' से सम्बन्धित हैं। पुँजीवादी व्यवस्था के एक वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के रूप में उद्भव एवं विकास की व्याख्या करने वालें परिप्रेक्ष्य को विश्व व्यवस्था सिद्धांत के नाम से जाना जाता है इस सिद्धांत का प्रमुख आधार 'पराश्रितता का सिद्धांत' और 'फ्रांसीसी इतिवृत सम्प्रदाय रहा है।

77. **किसने 'प्रदत्त प्रस्थिति' और 'अर्जित प्रस्थिति' के बीच अन्तर स्पष्ट किया है?**

(a) आर. एम. मैकाइवर (b) आर. लिन्टन
(c) एम. वैबर (d) टी. पारसन्स

**Ans. (b) :** आर. लिन्टन ने 'प्रदत्त प्रस्थिति' और 'अर्जित प्रस्थिति' के बीच अन्तर स्पष्ट किया है। जब समाज व्यक्ति की इच्छा को ध्यान में न रखकर व्यक्ति को एक पद प्रदान कर देता है तो उसे प्रद्धत्त प्रस्थिति कहते है। प्रद्धत प्रस्थिति प्राप्त करने के निम्नलिखित आधार है- लिंग भेद, आयु भेद, नातेदारी, जन्म, जीवित प्रजाति इत्यादि जबकि अर्जित प्रस्थिति व्यक्ति अपने योग्यता से प्राप्त करता है जैसे-शिक्षा, व्यवसाय, राजनीतिक सत्ता, विवाह, उपलब्धियाँ इत्यादि।

78. **निम्न में से कौन मार्क्सवादी समाजशास्त्री हैं?**

(i) ए. आर. देसाई (ii) राधाकमल मुखर्जी
(iii) डी. पी. मुखर्जी (iv) जी. एस. घुरिये

नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करिये

**कूटः**

(a) (i) एवं (ii) (b) (ii) एवं (iii)
(c) (i) एवं (iii) (d) (ii) एवं (iv)

**Ans. (c) :** ए. आर. देसाई और डी. पी. मुखर्जी मार्क्सवादी समाजशास्त्री हैं।

79. **निम्नलिखित जोड़ों को सुमेलित करिये तथा नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करिये।**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) दी स्ट्रक्चर ऑफ सोशल ऍक्शन | (i) ए. शुट्ज |
| (B) दी फिनामेनोलॉजी ऑफ दी सोशल वर्ल्ड | (ii) एच. गार्फिकेल |
| (C) प्रेजैन्टेशन ऑफ सैल्फ इन एव्हरी डे लाईफ | (iii) टी. पारसन्स |
| (D) स्टडीज इन एथनो-मैथाडॉलॉजी | (iv) आई. गॉफ मैन |

**कूटः**

(a) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(b) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
(c) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)
(d) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

**Ans. (b) :** सुमेलित सूची इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| दी स्ट्रक्चर ऑफ सोशल ऍक्शन | टी. पारसन्स |
| दी फिनामेनोलॉजी ऑफ दी सोशल वर्ल्ड | ए. शुट्ज |
| प्रेजैन्टेशन ऑफ सैल्फ इन एव्हरी डे लाईफ | आई. गॉफ मैन |
| स्टडीज इन एथनोमैथाडॉलॉजी | एच. गार्फिकेल |

80. **सांस्कृतिक विलम्बना का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है?**

(a) एम. एफ. नीमकॉफ (b) डब्ल्यू. एफ. आगर्बन
(c) एच. स्पेन्सर (d) पी. ए. सोरोकिन

**Ans. (b) :** सांस्कृतिक विलम्बना का सिद्धान्त डब्ल्यू. एफ. आगर्बन ने अपनी पुस्तक 'सोशल चेंज' में प्रतिपादित किया है। इस सिद्धांत के अनुसार समाज में अभौतिक संस्कृति की तुलना में भौतिक संस्कृति में परिवर्तन तेजी से होता है जिसके फलस्वरूप दोनों संस्कृतियों के बीच एक खाई बन जाती है जिसे सांस्कृतिक बिलम्बना कहते है।

81. **इंग्लैंड और वेल्स में अन्तः पीढ़ी गतिशीलता का प्रथम मुख्य अध्ययन किसने किया था?**

(a) मार्क अद्राम्स (b) डेविड ग्लास
(c) थॉमस बाटोमोर (d) रॉबर्ट डाहल

**Ans. (c) :** इंग्लैंड और वेल्स में अन्तः पीढ़ी गतिशीलता का प्रथम मुख्य अध्ययन थॉमस बाटोमोर ने किया था।

82. **''यदि सामाजिक गतिशीलता की दर निम्न है तो वर्गीय सुदृढ़ती एवं एक जुटता अधिक होगी।'' यह किस का कथन है?**

(a) रुडोल्फ एवं रुडोल्फ (b) एन्थोनी गिड्डेन्स
(c) एम. एन. श्रीनिवास (d) ईमाईल दुर्खाईम

**Ans. (d) :** ''यदि सामाजिक गतिशीलता की दर निम्न है तो वर्गीय सुदृढ़ती एवं एक जुटता अधिक होगी।'' यह ईमाईल दुर्खाईम का कथन है।

83. **निम्नलिखित में से यह किसका बयान है कि संस्कृति का मिलन वैश्वीकरण के युग का लक्षण है?**

(a) राबर्टसन (b) ए. गिड्डेन्स
(c) सातवी एवं सातवी (d) केविन राबिन्स

**Ans. (b) :** ए. गिड्डेन्स का बयान है कि संस्कृति का मिलन वैश्वीकरण के युग का लक्षण है।

84. **विकास का विश्व व्यवस्था सिद्धान्त विकसित तथा विकासशील देशों के बीच सम्बन्धों को स्पष्ट करता है। इस विश्व व्यवस्था सिद्धान्त से निम्न में कौन सम्बन्धित है?**

(a) जी गिरडॉल (b) आई. वालेर्स्टाईन
(c) एम. के गान्धी (d) अमर्त्य सेन

**Ans. (b) :** इमैनुएल वालेर्सटीन के अनुसार, विकास का विश्व व्यवस्था सिद्धान्त विकसित तथा विकासशील देशों के बीच सम्बन्धों को स्पष्ट करता है।

85. **एक निम्न जाति की स्त्री का विवाह एक उच्च जाति के पुरुष के साथ को कहते हैं-**

(a) प्रतिलोम विवाह (b) अनुलोम विवाह
(c) एक पत्नि विवाह (d) बहु पत्नि विवाह

**Ans. (b) :** एक निम्न जाति की स्त्री का विवाह एक उच्च जाति के पुरुष के साथ को अनुलोम विवाह कहते हैं।

**86. यह किसने कहा कि ''विवाह नातेदारी का श्रोत है''?**
(a) डब्ल्यू वैस्टरमार्क (b) इरावती कर्वे
(c) बी. मैलनॉवस्का (d) रॉबर्ट रैडफील्ड

**Ans. (a) :** डब्ल्यू वैस्टरमार्क ने कहा कि ''विवाह नातेदारी का श्रोत है''।

**87. ''फैमिली एण्ड किनशिपः ए स्टडी ऑफ दी पंडित ऑफ रुरल काश्मीर'' नामक पुस्तक किसने लिखी है?**
(a) इरावती कर्वे (b) जी. आर. मदान
(c) टी. एन. मदान (d) के. एम. कपाडिया

**Ans. (c) :** ''फैमिली एण्ड किनशिपः ए स्टडी ऑफ दी पंडित ऑफ रुरल काश्मीर'' नामक पुस्तक टी. एन. मदान ने लिखी है। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न है-
*Sociologycal Traditions
* Modern Myths, Locked Minds

**88. एस. सी. दुबे ने निम्नलिखित में से कौन सी एक जनजाति का अध्ययन किया?**
(a) बोन्डा (b) भील
(c) कामार (d) कोंद

**Ans. (c) :** एस. सी. दुबे ने कामर जनजाति का अध्ययन किया।

**89. ''दी पॉलिटिक्स ऑफ फैमिली'' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?**
(a) टी. पारसन्स (b) आर. डी. लेंग
(c) डी. वेल (d) इविन वोगेल

**Ans. (b) :** ''दी पॉलिटिक्स ऑफ फैमिली'' नामक पुस्तक के लेखक आर. डी. लेंग थे।

**90. निम्न में से सभ्यतागत परिप्रेक्ष्य का एक अच्छा उदाहरण कौन है?**
(a) मुस्लिम भारतीय सभ्यता के आवश्यक अंग
(b) जनजाति भारतीय सभ्यता के अभिन्न अंग है।
(c) जातियाँ भारतीय सभ्यता के अभिन्न अंग है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (b) :** सभ्यतागत परिप्रेक्ष्य का एक अच्छा उदाहरण- जनजाति भारतीय सभ्यता के अभिन्न अंग है।

**91. महुआ में संयुक्त परिवार की संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक एकता का अध्ययन किसने किया?**
(a) के. एम. कपाडिया (b) नीरा देसाई
(c) आई. पी. देसाई (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** महुआ में संयुक्त परिवार की संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक एकता का अध्ययन आई. पी. देसाई ने किया है।

**92. नायर कौन है?**
(a) एम जाति (b) एक जनजाति
(c) एक मुस्लिम समुदाय (d) ए. एम. शाह

**Ans. (b) :** नायर एक जनजाति है। यह भारत के केरल राज्य में पाई जाती है।

**93. निम्नलिखत सूचियों को सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करें।**

| **सूची-I (समाजशास्त्र)** | **सूची-II (अध्ययन क्षेत्र)** |
|---|---|
| (A) आन्द्र बेते | (i) रामपुर |
| (B) टी. एन. मदान | (ii) रामपुरा |
| (C) आस्कर लेविस | (iii) श्रीपुरम |
| (D) एम. एन. श्रीनिवास | (iv) काश्मीर |

**कूटः**
(a) A-(i), B-(ii), B-(iii), D-(iv)
(b) A-(iii), B-(iv), B-(i), D-(ii)
(c) A-(iv), B-(i), B-(ii), D-(iii)
(d) A-(iv), B-(ii), B-(i), D-(iii)

**Ans. (b) :** सुमेलित सूची इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| आन्द्र बेते | श्रीपुरम |
| टी. एन. मदान | काश्मीर |
| आस्कर लेविस | रामपुर |
| एम. एन. श्रीनिवास | रामपुरा |

**94. निम्न में किस ने बाजार और सम्पत्ति की स्थिति के रूप में सामाजिक वर्गो का विश्लेषण किया है?**
(a) मैक्स वेबर (b) गोल्डथोर्प
(c) ई. दुर्खाईम (d) टी. पारसन्स

**Ans. (a) :** मैक्स वेबर ने बाजार और सम्पत्ति की स्थिति के रूप में सामाजिक वर्गो का विश्लेषण किया है।

**95. नीचे दो कथन दिये गये है एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है?**
**कथन (A)ः ग्रामीण सामाजिक आचल में संयुक्त परिवार विलुप्त होते जा रहे हैं।**
**कथन (R)ः संयुक्त परिवार में व्यक्तिगत सफलता को मान्यता नहीं दी जाती है।**
**उपरोक्त कथनों के आधार पर नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन करियेः**
(a) दोनों A और R सही है तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) दोनों A और R सही है परन्तु R, A की सही व्याख्या नही करता है।

(c) A सही है परन्तु R गलत है।

(d) A गलत है परन्तु R सही है।

**Ans. (b) :** दोनों A और R सही है परन्तु R, A की सही व्याख्या नही करता है।

**96. निम्न में से किसने चार प्रकार की नातेदारी की शब्दावली जैसे वंश, पीढ़ीतर, सहपच्छियों का विभाजन सही पक्षियों का मिलन, का प्रयोग किया?**

(a) एल. एच. मार्गन (b) जी. पी. मर्डाक
(c) आर. एच. लोवी (d) ए. आर. रैडक्लिफ ब्राऊन

**Ans. (a) :** एल. एच. मार्गन ने चार प्रकार की नातेदारी की शब्दावली जैसे वंश, पीढ़ीतर, सहपक्षियों का विभाजन, सह पक्षियों का मिलन का प्रयोग किया है।

**97. निम्न में से कौन एक पक्षीय वंशक्रम नहीं है?**

(a) पितृ पक्षीय वंशक्रम समूह

(b) मातृ पक्षीय वंशक्रम समूह

(c) दोहरा वंशक्रम समूह

(d) सजातीय वंशक्रम समूह

**Ans. (c) :** दोहरा वंशक्रम समूह एक पक्षीय वंशक्रम नहीं है।

**98. नातेदारी के मैत्री वैवाहिक सम्बन्ध के सिद्धान्त को किसने विश्लेषित किया है?**

(a) ए. आर. रैडक्लिफ ब्राऊन (b) सी. लेवी-ट्रास

(c) ए. एल. क्रोबर

(d) टी. शैनिन

**Ans. (b) :** नातेदारी के मैत्री वैवाहिक सम्बन्ध के सिद्धान्त को सी. लेवी-ट्रास ने विश्लेषित किया है।

**99. जी. पी. मर्डाक के अनुसार द्वितीयक नातेदार कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) 69 (b) 68
(c) 33 (d) 12

**Ans. (c) :** जी. पी. मर्डाक के अनुसार, एक व्यक्ति के लगभग 8 प्राथमिक, 33 द्वितीयक तथा 151 तृतीयक नातेदार होगें। मर्डाक ने नातेदारी की श्रेणीयों पर गहरा अध्ययन किया है।

**100. वंशावली प्रविधि सम्बन्धित हैः**

(a) जाति सूचना से

(b) वर्ग सूचना से

(c) नातेदारी सूचना से

(d) मित्रता आधारित सूचना से

**Ans. (c) :** वंशावली प्रविधि नातेदारी सूचना से सम्बन्धित है ।

**101. निम्न में से कौन ''हिन्दू जजमानी व्यवस्था'' नामक पुस्तक के लेखक हैं?**

(a) एस. सी दुबे (b) मैकिम मैरियट
(c) डब्ल्यू एच. वाइजर (d) रॉबर्ट रैडफिल्ड

**Ans. (c) :** डब्ल्यू एच. वाइजर ''हिन्दू जजमानी व्यवस्था'' पुस्तक के लेखक हैं।

**102. ''घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम'' किस वर्ष में पारित किया गया?**

(a) 2003 में (b) 2005 में
(c) 2007 में (d) 2009 में

**Ans. (b) :** ''घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम'' वर्ष 2005 में पारित किया गया। इसके अन्तर्गत लैंगिक, मौखिक, भावनात्मक आदि दुर्व्यवहार को शामिल किया गया है।

**103. प्रयोगात्मक शोध क्या है?**

(a) एक स्वतन्त्र चर का कुशलतापूर्वक प्रयोग करना
(b) स्वतंत्र चरों को छोड़कर अन्य सभी चरों को स्थिर रखना
(c) अस्वतंत्र चर पर स्वतन्त्र चरो के जोड़ तोड़ के प्रभाव का अवलोकन
(d) उपरोक्त सभी

**Ans. (c) :** प्रयोगात्मक शोध उस शोध का कहा जाता है। जिसमें कुछ चरों का नियंत्रित किया जाता है, कुछ चरों को परिचालित (Manipulate) किया जाता है। एवं किसी अन्य चर पर उसके पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया जाता है कि चरों को नियंत्रित करने एवं उनका परिचालन करने का प्रभाव क्या होगा।

**104. मौखिक इतिहास पद्धति का प्रयोग मुख्यतः किसके द्वारा किया जाता हैः**

(a) पुरातत्वविद (b) अधिनस्त इतिहासकार
(c) सामाजिक कार्यकर्ता (d) अर्थशास्त्री

**Ans. (b) :** मौखिक इतिहास पद्धति का प्रयोग मुख्यतः अधिनस्त इतिहासकार द्वारा किया जाता है। मौखिक इतिहास एवं वृतान्त ऐतिहासिक सामग्री को संकलित करने की एवं सुरक्षित कखने की प्रमुख पद्धतियाँ मानी जाती हैं। इन दोनों का प्रमुख आधार उन व्यक्तियों का अभिलिखित साक्षात्कार होता है। जिन्होंने भूतकालीन घटनाओं में सहभागिता की है अथवा जो पुरातन जीवन पद्धति का अनुभव रखते है।

**105. केस अध्ययन पद्धति को कहा जाता है।**

(a) जैवकीय सूक्ष्मदर्शी (b) सामाजिक सूक्ष्मदर्शी
(c) प्रकार्यात्मक सूक्ष्मदर्शी (d) ऐतिहासिक सूक्ष्मदर्शी

**Ans. (b) :** केस अध्ययन पद्धति को समाजिक सूक्ष्मदर्शी कहा जाता है। इसकी सहायता से किसी भी सामाजिक ईकाई (व्यक्ति, समूह, समुदाय, संस्था) का सम्पूर्णता में अति सूक्ष्म अध्ययन किया जाता है।

**106. सामाजिक अनुसंधान का पहला चरण क्या है?**

(a) उपकल्पना का निर्माण
(b) समस्या का निर्माण/निर्धारण
(c) प्रश्नावली का निर्माण
(d) शोध अभिक्लप का निर्माण

**Ans. (b) :** सामाजि अनुसंधान का चरण -
1.समस्या का निर्माण/ निर्धारण
2. उपकल्पना या परिकल्पना
3. चरों का चयन
4. निदर्शन या प्रतिचयन
5. सामग्री का संकलन
6. सामग्री का विश्लेषण
7. प्रतिवेदन या रिपोर्ट तैयार करना या निष्कर्ष

**107. निम्न में से किसने सबसे पहले समाजशास्त्रीय शोध में तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग किया?**
(a) ईमाईल दुर्खाईम (b) एच. स्पेन्सर
(c) कार्ल मार्क्स (d) ए. कॉम्टे

**Ans. (a) :** ईमाईल दुर्खाईम ने सबसे पहले समाजशास्त्रीय शोध में तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग किया। उन्होंने आत्म हत्या तथा समाज में श्रम विभाजन के अध्ययन के लिए इस पद्धति का प्रयोग किया है।

**108. गुणात्मक आंकड़े होते हैं**
(a) शाब्दिक एवं अवलोकित (b) सांकेतिक
(c) सांख्यिकीय विश्लेषित (d) सारणीकृत

**Ans. (a) :** गुणात्मक आंकड़े शाब्दिक एवं अवलोकित होते हैं।

**109. कार्ल पियरसन सांख्यिकी में किस योगदान के लिए जाना जाता है?**
(a) सह सम्बन्ध गुणांक के लिए
(b) रिगरैशन विधि के लिए
(c) माध्य गणना के लिए
(d) काई स्क्वेअर टेस्ट के लिए

**Ans. (a) :** कार्ल पियरसन को सांख्यिकी में सह सम्बन्ध गुणांक के योगदान के लिए जाना जाता है।

**110. इनमें में कौन एक आंकड़ा संकलन की विधि के रूप में प्रयोग नहीं किया जाता?**
(a) जनगणना (b) वैयक्तिक अध्ययन
(c) अवलोकन (d) इन्व्हेन्ट्री अभिलेख प्रबन्धन

**Ans. (d) :** इन्व्हेन्ट्री अभिलेख प्रबन्धन आंकड़ा संकलन की विधि के रूप में प्रयोग नहीं किया जाता।

**111. निम्न में से कौन 'केन्द्रीय प्रवृत्ति' का माप नहीं है?**
(a) माध्य (b) माध्यिका
(c) बहुलक (d) टी. टेस्ट

**Ans. (d) :** टी. टेस्ट 'केन्द्रीय प्रवृत्ति' का माप नहीं है। यह एक प्रकार का अनुमानात्मक आँकड़ा है जबकि माध्य, माध्यिका एवं बहुलक केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप है।

**112. 'यह क्या है'? इस प्रकार का प्रश्न किस प्रकार के अनुसंधान प्रारूप में किया जाता है?**
(a) प्रयोगात्मक (b) वर्णनात्मक
(c) अन्वेषणात्मक (d) निदानात्मक

**Ans. (b) :** वर्णनात्मक अनुसंधान प्रारूप में अध्ययन विषय के संबंध में प्राप्त सभी प्राथमिक तथ्यों का यथावत विवरण प्रस्तुत किया जाता है। अर्थात 'यह क्या है' का वर्णन किया जाता है।

**113. सह सम्बन्ध गुणांक का मूल्य हमेशा किन के बीच होता है?**
(a) + 2 और -2 (b) 1 और 9
(c) -1 और + 1 (d) 1 और 10

**Ans. (c) :** सह सम्बन्ध गुणांक का मान −1 तथा +1 के बीच स्थित होता है।

**114. जिस प्रकार के निदर्शन में प्रत्येक इकाई को चयन होने का बराबर का अवसर होता है, को कहा जाता है-**
(a) उद्देश्यपरक निदर्शन (b) यादृच्छिक निदर्शन
(c) जनगणना (d) संस्तरित निदर्शन

**Ans. (b) :** यादृच्छिक निदर्शन में प्रत्येक इकाई को चयन होने का बराबर का अवसर होता है। इस पद्धति में निदर्शन का चुनाव मनुष्य के हाथ से निकालकर दैवयोग द्वारा होता है। इस प्रणाली में निदर्शन चुनने के कई तरीके हो सकते हैं जैसे लॉटरी प्रणाली।

**115. सामाजिक सम्बन्धों की व्यवस्था जिस में हम नित्य रहते हैं, को कहा जाता है-**
(a) संस्था (b) समुदाय
(c) समाज (d) समिति

**Ans. (c) :** सामाजिक सम्बन्धों की व्यवस्था जिसमें हम नित्य रहते हैं, को समाज कहा जाता है।

**116. ऑगस्त कॉम्ट ने किस वर्ष 'सामाजिक भौतिकी'' का दूसरा नाम 'समाजशास्त्र' रखा?**
(a) 1818 (b) 1857
(c) 1839 (d) 1837

**Ans. (*) :** वर्ष 1938 में ऑगस्त कॉम्ट ने 'सामाजिक भौतिकी'' का दूसरा नाम 'समाजशास्त्र' रखा।

**117. निम्न में से कौन सी आर्थिक संस्था है?**
(a) भगवान की सेवा में लगे लोग
(b) समाज में श्रम विभाग
(c) एक मठ
(d) एक गाँव

**Ans. (b) :** समाज में श्रम विभाग आर्थिक संस्था है।

**118. निम्न में से किसका मत है कि ''मानव समाज का विज्ञान अभी अति शैशवास्था में है?''**
(a) ए. कॉम्टे
(b) ई. दुर्खाईम
(c) ए. आर. रैडक्लिफ ब्राऊन
(d) बी. मैलीनॉवस्की

**Ans. (d) :** बी. मैलिनोवस्की का मत है कि ''मानव समाज का विज्ञान अभी अति शैशवास्था में है।''

**119. निम्न में से किस को सबसे अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त होती है?**
(a) एक अमीर व्यवसायी
(b) एक डॉक्टर जो प्राइवेट प्रक्टिस में हो
(c) एक दलाल
(d) एक मजिस्ट्रेट

**Ans. (d) :** एक मजिस्ट्रेट को सबसे अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त होती है।

**120. निम्न समाजशास्त्रीयों ने समाजशास्त्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है इनका सही समय क्रम क्या है?**
(A) कार्ल मार्क्स (B) ऑगस्त कॉम्ट
(C) ई. बी. टायलर (D) जॉर्ज सिमेल
**नीचे दिये हुये कूट में से सही उत्तर का चयन करिये।**
(a) a, b, c, d (b) b, c, a, d
(c) b, a, c, d (d) a, d, b, c

**Ans. (c) :** समाजशास्त्रियों का सही अनुक्रम निम्न प्रकार है–
ऑगस्त कॉम्ट (1798-1857)
कार्ल मार्क्स (1818–1883)
ई. बी. टायलर (1832–1917)
जॉर्ज सिमेल (1858–1918)